Title: Need to provide financial assistance to Government of Bihar to solve the problem of water-logging in Saharsa, Bihar

श्री दिनेश चन्द्र यादव (सहरसा) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सहरसा (बिहार) में पूर्वी कोसी तटबंध से पूरब लाखों एकड़ जमीन में सालों भर पानी रहने से किसान खेती नहीं कर पा रहे हैं जिससे वे भुखमरी के शिकार हो रहे हैं। स्थानीय स्तर पर राजनीतिक और गैर राजनीतिक संगठनों ने जल जमाव की समस्या के निदान के लिए आन्दोलन भी किया लेकिन आर्थिक संसाधन की कमी के कारण राज्य सरकार से इस जल जमाव की समस्या का निदान नहीं हो पा रहा है। अतः इस जल जमाव की गम्भीर समस्या के निदान के लिए भारत सरकार आर्थिक सहायता देकर लाखों किसानों को भूखों मरने से बचाए।